हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 29 अप्रैल 2026

06 गर्मी बढने से बिजली की खपत बढ़ी पंखे और कूलर...


07 नागरिकों और गौ सेवकों ने निकाली गौ सम्मान...




## खबर संक्षेप

### रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**इटारसी।** इटारसी-होशंगाबाद रेल खंड पर ग्राम रैसलपुर के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, रेलवे ट्रैक के खंभा नंबर 748/29 ग्राम रैसलपुर के पास एक अज्ञात पुरुष का शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने पर पुलिस और संबंधित विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। मृतक की शिनाख्त फिलहाल नहीं हो सकी है और मृत्यु के कारणों का भी पता नहीं चल पाया है।

### मई से शुरू होगा मकान सूचीकरण, बंटा कार्य

**नर्मदापुरम।** आगामी जनगणना के पहले चरण की तैयारियां जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में तेज हो गई हैं। 1 मई से मकान सूचीकरण का काम शुरू होगा, जिसके तहत सभी मकानों का डेटा मोबाइल ऐप के जरिए दर्ज किया जाएगा। स्थानीय निकायों ने मकानों पर नंबर अंकित करने का काम पहले ही पूरा कर लिया है। इसी क्रम में नर्मदापुरम तहसील के सुपरवाइजर रामकुमार गौर ने अपने प्रभार क्षेत्र का दौरा कर रणनीति तय की। गौर ने बताया कि नर्मदापुरम तहसील के ग्रामीण क्षेत्र को 13 सेक्टरों में बांटा गया है।

### कलेक्टर ने जनसुनवाई के दौरान 153 आवेदनों का किया समाधान

# समस्याओं को लेकर कार्यालय पहुंचे लोगों की कलेक्टर ने सुनीं शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के रेवा सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने 153 से अधिक आवेदनों का परीक्षण कर जनसुनवाई में पहुंचे आवेदन को की समस्याओं का समाधान किया। उन्होंने प्रत्येक आवेदकों को समक्ष में बिठाकर उनकी समस्याएं संवेदनशीलता के साथ सुनी तथा कई मामलों का उन्होंने मौके पर ही समाधान किया। कलेक्टर ने राजस्व, अवैध कब्ज़ा, राशन समस्या, आवास, सीमांकन, बंटवारा सहित अन्य समस्याओं की विस्तार पूर्वक समीक्षा करते हुए उपस्थित अधिकारियों को उनका निर्धारित समय सीमा में समाधान करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुने एवं उनको उनकी समस्याओं के लिए उचित मार्गदर्शन दें।

**कलेक्टर कार्यालय के रेवा सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर ने 153 प्रकरणों की सुनवाई कर निराकरण के निर्देश दिए।**



#### पात्रता पर्ची की समस्या का हुआ तत्काल समाधान

जनसुनवाई में कलेक्टर ने नर्मदापुरम निवासी बसंती बस्तावर की राशन संबंधी समस्या का समाधान किया। आवेदन में श्रीमती बस्तवार ने बताया कि उनके पति की मृत्यु हो चुकी है तथा आर्थिक समस्या के कारण दो बच्चों का पालन पोषण करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर कलेक्टर ने त्वरित संज्ञान लेते हुए डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी नीता कोरी को निर्देश दिए कि आवेदक की समस्या का समाधान करवाया जाए।

#### आर्थिक सहायता राशि का दिया चेक

जनसुनवाई के दौरान सोहागपुर तहसील निवासी राजपुरी गोस्वामी के आवेदन जिसमे उन्होंने बताया कि उनके पुत्र मुकेश पुरी गोस्वामी की कृषि कार्य करने के दौरान करंट लगने से मृत्यु हो गई थी। जिसकी राहत राशि अभी तक अप्राप्त है। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर मिश्रा ने राहत शाखा प्रभारी को निर्देशित किया कि मामले की जांच कर शीघ्र ही आवेदक को राहत राशि राशि उपलब्ध कराई जाए। जनसुनवाई के दौरान जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन ने भी जनसुनवाई में आए आवेदकों की समस्याओं को सुना एवं उपस्थित अधिकारियों को समस्या के समाधान हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं अपर कलेक्टर बृजेंद्र रावत, डिप्टी कलेक्टर नीता कोरी, एसडीएम नर्मदापुरम जय सोलंकी ने भी जनसुनवाई के दौरान आवेदकों की समस्याओं का समाधान किया।

#### बुजुर्ग को इलाज के लिए पहुंचाया अस्पताल

जनसुनवाई के दौरान माखननगर निवासी बुजुर्ग प्रभुदायल यादव ने आर्थिक स्थिति ठीक ना होने के कारण इलाज करवाने में असमर्थता व्यक्त करते हुए आवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया। आवेदन पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर ने सीएमएचओ नर्मदापुरम शनरसिंह गहलोत को निर्देशित किया कि बुजुर्ग को एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल ले जाया जाए तथा उचित इलाज सुनिश्चित किया जाए। उक्त निर्देशों के परिपालन में सीएमएचओ नर्मदापुरम द्वारा बुजुर्ग को जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

# ट्रेन में छूटा जेवरात से भरा बैग महिला यात्री को सुरक्षित लौटाया

### आरपीएफ ने चलाया ऑपरेशन अमानत




हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल अंतर्गत इटारसी आरपीएफ ने 'ऑपरेशन अमानत' के तहत ईमानदारी और तत्परता का परिचय देते हुए एक महिला यात्री का कीमती सामान से भरा बैग सुरक्षित वापस लौटाया है। इस बैग में लगभग 1 लाख रुपये मूल्य के सोने और चांदी के आभूषण थे।

28 अप्रैल को भोपाल की रहने वाली महिला यात्री पप्पी योगी पति विनोद योगी) गाड़ी संख्या 22191 के कोच S4 (बर्थ 12) में भोपाल से नर्मदापुरम तक की यात्रा कर रही थीं। नर्मदापुरम स्टेशन पर उतरते समय वे अपना 'व्हाइट-पिंक' रंग का बैग कोच में ही भूल गईं।

भोपाल मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष से सूचना मिलते ही इटारसी आरपीएफ पोस्ट सक्रिय हो गई। रात करीब 01:40 बजे जैसे ही ट्रेन इटारसी स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 02 पर पहुँची, आरक्षक लाखन सिंह गुर्जर ने तत्काल बताए गए कोच की तलाशी ली। बैग कोच के दरवाजे के पास गैलरी में लावारिस हालत में पड़ा मिला, जिसे सुरक्षित आरपीएफ पोस्ट लाया गया।

#### चेहरे पर लौटी मुस्कान

आरपीएफ द्वारा सूचना दिए जाने पर महिला यात्री देर रात इटारसी पोस्ट पहुँचीं। सामान की पूरी पुष्टि करने के बाद सहायक उप निरीक्षक राम किशोर शर्मा ने जेवरातों से भरा बैग महिला यात्री के सुपुर्द किया। अपना कीमती सामान सुरक्षित पाकर महिला यात्री ने रेल सुरक्षा बल की ईमानदारी और त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## नर्मदा पेयजल पाइप लाइन डेमेज होने से सप्लाई रहेगी बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

हरियाली चौक पर नर्मदा पेयजल पाइप लाइन के डेमेज हो जाने के कारण संबंधित क्षेत्रों की पेयजल सप्लाई करीब 24 घंटे प्रभावित रहेगी। नगरपालिका द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल सप्लाई के लिए टैंकर्स की व्यवस्था की गई है। साथ ही पेयजल टैंकर्स के लिए आम नागरिक नगरपालिका कार्यालय में जल प्रदाय शाखा में सीधे संपर्क कर सकते हैं। जल प्रदाय शाखा प्रभारी उपयंत्री आयुषी रिछारिया ने बताया कि हरियाली चौक के पास नर्मदा जल सप्लाई पाइप लाइन डेमेज हो गई है। जिसमें लगने वाला कैमिकल स्थानीय स्तर पर नहीं मिल पाया है। जिसे बाहर से बुलवाया जा रहा है। जिसके बाद ही पेयजल सप्लाई पाइप लाइन की रिपयेरिंग हो सकेगी। उपयंत्री रिछारिया ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर प्रभावित क्षेत्रों में टैंकर्स से पेयजल सप्लाई कराई जा रही है। आम नागरिकों से आग्रह है कि प्रभावित क्षेत्रों में अगर टैंकर्स नहीं पहुंच रहें हों तो वे सीधे नपा कार्यालय स्थित जल प्रदाय शाखा में संपर्क कर सकते हैं।

## इटारसी नपाध्यक्ष चौरे ने दिए सख्त निर्देश बेरिकेटिंग व गुणवत्ता का रखा जाए ख्याल

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने वार्ड नंबर 25 में राजू कुचबंदिया से खरे के मकान तक बन रही निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण पार्षद शुभम गौर के साथ किया। इस दौरान ठेकेदार पुनीत मालवीय को निर्माण सामग्री की गुणवत्ता बेहतर रखने के सख्त निर्देश दिए गए। साथ ही सड़क की सुरक्षा के लिए दोनों ओर बेरीकेडिंग लगाने तथा सड़क की तराई सही तरीके से करने के लिए जूट के खाली बोरों को बिछाकर पानी से गीला रखने की हिदायत दी गई। निर्माण कार्य के दौरान वाहनों के आवागमन को बंद रखने के लिए क्षेत्रवासियों से भी सहयोग की अपील की गई। वहीं वार्ड नंबर 2, दीवान कॉलोनी में कुछ समय पूर्व निर्मित सड़क पर गुणवत्ता खराब होने के कारण गिट्टी-कंक्रीट ऊपर दिखाई देने की शिकायत वार्डवासियों द्वारा



की गई थी। इस पर निर्माण एजेंसी भूरिया बाबा कंस्ट्रक्शन को नोटिस जारी किया गया था। वर्तमान में एजेंसी द्वारा रिपेयरिंग कार्य शुरू कर दिया गया है। इसी के निरीक्षण के लिए नपा अध्यक्ष के साथ उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत मौके पर पहुंचे और कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने ठेकेदार को दोनों ओर बेरीकेडिंग कर सड़क को सुरक्षित रखने एवं उचित तरीके से पानी की तराई करने के निर्देश दिए।

## सीएमओ ने किया नगर का निरीक्षण, गंदगी करने वालों पर जुर्माना लगाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा मंगलवार को स्वच्छता शाखा प्रभारी दीक्षा तिवारी के साथ नगर की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। गंदगी करने वालों पर समझाइश देने के साथ ही जुर्माने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

स्वच्छता निरीक्षक कमलेश तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले तथा स्वच्छता शाखा प्रभारी दीक्षा तिवारी के निर्देशन में नगर में लगातार



स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी पटले द्वारा नगर के अनेक क्षेत्रों का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। नेहरू पार्क के पास सब्जी विक्रेता द्वारा फल एवं सब्जी के डंठल फैंकने पर नाराजगी व्यक्त की तथा दोबारा कचरा करने पर जुर्माने करने के निर्देश दिए। उन्होंने मंगलवार को विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए।

## एसपी ने सुनीं जन समस्याएं, जनसुनवाई में 19 आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण और पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय में साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा (भापुसे) ने जिले भर से आए फरियादियों की शिकायतों को व्यक्तिगत रूप से सुना और उनके समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। मंगलवार को आयोजित इस जनसुनवाई में कुल 19 आवेदन प्राप्त हुए। इन आवेदनों में मुख्य रूप से चोरी एवं संपत्ति संबंधी विवाद, ऑनलाइन एवं वित्तीय धोखाधड़ी, आपसी



मारपीट एवं महिला संबंधी प्रकरण मामले शामिल थे।

#### मौके पर ही दिए निर्देश

पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक पीड़ित की समस्या को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही संबंधित अनुविभागीय अधिकारी एवं थाना प्रभारियों को फोन पर निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों का निराकरण समय सीमा के भीतर होना चाहिए ताकि नागरिकों को न्याय मिल सके।

#### पुलिस-जन संवाद पर जोर

जनसुनवाई के दौरान श्री साई कृष्णा ने कहा कि ₹पुलिस प्रशासन में आम जनता का विश्वास बनाए रखना और उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### स्व. धर्मदास मिहानी की स्मृति में फ्रेंड्स स्कूल को मिलेगा वाटर कूलर

**इटारसी।** शहर के वरिष्ठ पार्षद एवं



पूज्य पंचायत सिंधी समाज के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय भाऊ धर्मदास मिहानी की स्मृति में मिहानी परिवार द्वारा एक सराहनीय पहल की गई है। मिहानी परिवार द्वारा फ्रेंड्स हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं के लिए वोल्टास कंपनी का शीतल जल प्रदायक 'वाटर कूलर' भेंट किया जाएगा। इस वाटर कूलर का गरिमामय लोकार्पण आगामी 30 अप्रैल को सुबह 11 बजे आयोजित किया जाएगा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सीतासरन शर्मा होंगे, जिनके कर-कमलों द्वारा इसका लोकार्पण संपन्न होगा।

## 3 साल की मासूम की जान बचाने वाले जवान सम्मानित, एसपी ने दी बधाई, किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कर्तव्यनिष्ठा और साहस का परिचय देने वाले पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा ने एसडीईआरएफ के दो जवानों को सम्मानित किया, जिन्होंने सोमवती अमावस्या के दौरान नर्मदा नदी में डूब रही एक 3 वर्षीय बच्ची को सुरक्षित बचाकर नई जिंदगी दी थी।

#### साहस के लिए मिला सम्मान

मंगलवार, को आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक



ने सैनिक अभिषेक राजपूत और सैनिक संतोष शुक्ला की बहादुरी की सराहना करते हुए उन्हें पुरस्कृत किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन और जिला विशेष शाखा प्रभारी निरीक्षक शंकर सिंह मुजाल्दे भी उपस्थित रहे। यह पुरस्कार उस घटना के लिए दिया है जो सोमवती अमावस्या के दिन पोस्ट ऑफिस घाट पर घटित हुई थी। बैंक कॉलोनी (नई बस्ती) निवासी ऋषभ सराठे की 3 वर्षीय पुत्री अदिति सराठे स्नान के दौरान अचानक पैर फिसलने से गहरे पानी में चली गई थी। मौके पर तैनात इन दोनों जवानों ने तत्काल पानी में छलांग लगाकर बच्ची को बाहर निकाला और उसे प्राथमिक उपचार देकर अस्पताल पहुंचाया था, जिससे उसकी जान बच सकी।

### एक सकोरा, पानी पक्षियों की जिंदगानी" अभियान जारी

**नर्मदापुरम।** नगर पालिका अध्यक्ष



नीतू यादव एवं कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा प्रारंभ किए गए 'नीर पखेरू' अभियान का जिले में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत शासकीय कार्यालयों में पक्षियों के लिए पानी एवं भोजन की व्यवस्था करते हुए कार्यालय परिसरों तथा आसपास के वृक्षों पर पानी के सकोरे एवं घोंसले स्थापित किए जा रहे हैं। "एक सकोरा, पानी पक्षियों की जिंदगानी" थीम पर संचालित इस अभियान को विद्यालयों एवं विभिन्न शासकीय कार्यालयों में सक्रिय रूप से चलाया जा रहा है।

## केंद्रीय जेल में हुआ बंदियों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल एवं जेल मुख्यालय म.प्र. भोपाल के आदेश के अनुपालन में केंद्रीय जेल नर्मदापुरम के खण्ड-अ में मंगलवार को एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम के मन कक्ष द्वारा लगाया गया। प्रतिमाह आयोजित होने वाले इस शिविर के क्रम में मंगलवार को जिला चिकित्सालय मन कक्ष से क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट सुश्री नाजिया सिद्दीकी एवं नर्सिंग ऑफिसर श्री कांति यदुवंशी ने जेल में परिरूद्ध बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में 20 पुरुष बंदी और 10 महिला बंदी सहित कुल 30 बंदियों की मानसिक स्वास्थ्य स्क्रीनिंग की गई और उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक संतोष सोलंकी, उप अधीक्षक प्रहलाद सिंह बरकड़े, अष्टकोण अधिकारी हितेश बंडिया आदि शामिल हए।

### इटारसी प्रवास पर आए सांसद चौधरी ने पत्रकारों से की चर्चा

## अयोध्या के लिए नई रेल सेवा की शुरुआत भी की जा रही है, जो क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है: सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नर्मदापुरम-नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी खुशखबरी साझा की है। सांसद के प्रयासों से रेल विभाग ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए एक साप्ताहिक ट्रेन को अब प्रतिदिन चलाने की मंजूरी दी है, जिसे सांसद 29 अप्रैल को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके साथ ही अयोध्या के लिए नई रेल सेवा की शुरुआत भी की जा रही है, जो क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। मंगलवार को इटारसी प्रवास के दौरान स्थानीय विश्राम गृह में पत्रकारों से चर्चा करते हुए सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री



**एक नजर में**

- **प्रतिदिन संचालन :** क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण साप्ताहिक रेलगाड़ी अब 29 अप्रैल से प्रतिदिन चलेगी।
- **अयोध्या से जुड़ाव :** धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अयोध्या से नई रेल सेवा की शुरुआत।
- **क्षेत्रीय लाभ :** नागपुर से भुसावल के बीच बैतूल, नर्मदापुरम, हरदा और खंडवा के यात्रियों को मिलेगालाभ।
- **आगामी योजना :** मेमू जैसी वैकल्पिक रेल सेवाओं को भी शीघ्र शुरू करने के प्रयास जारी।

अश्विनी वैष्णव के नेतृत्व में भारतीय रेल का कायाकल्प हो रहा है। उन्होंने बताया कि रेलवे के बजट में कई गुना वृद्धि होने से स्वच्छता, गति और नई सेवाओं का लाभ सीधे आम जनता तक पहुंच रहा है। इसी कड़ी में, साप्ताहिक ट्रेन का प्रतिदिन होना और अयोध्या के लिए नई ट्रेन का चलना नर्मदापुरम, नरसिंहपुर और उदयपुरा क्षेत्र के यात्रियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

चर्चा के दौरान सांसद ने यह भी स्पष्ट किया कि यात्रियों की सुविधा के लिए नागपुर से महाराष्ट्र के भुसावल खंड तक कनेक्टिविटी को और मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे निरंतर प्रयासरत हैं ताकि क्षेत्र की रेल सुविधाएं और अधिक सुलभ और आधुनिक बन सकें। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक हरि नारायण अग्रवाल, जिला विकास समिति सदस्य प्रशांत अग्रवाल, नपा उपाध्यक्ष निर्मल राजपूत, विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र पटेल, राजू अग्रवाल सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## रेत का अवैध परिवहन करते 4 वाहन जब्त, कार्रवाई जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर नर्मदापुरम सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में रेत एवं अन्य गौण खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, ओवरलोड खनिज परिवहन एवं बिना ढके रेत का परिवहन करने वाले वाहनों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जा रही हैं। तत्संबंध में खनिज विभाग द्वारा 26 अप्रैल 2026 को तहसील-सिवनीमालवा में अभियान चलाकर सिवनीमालवा में 02 डम्पर क्रमांक-MP09DC8669 एवं MP09ZS9918 को रेत खनिज एवं ग्राम-चौतलाय से 01 डम्पर क्रमांक-MP04YU5358 को गिट्टी खनिज का ओवरलोड परिवहन करते जप्त कर पुलिस थाना सिवनीमालवा की अभिरक्षा में रखा गया है। तथा 27 अप्रैल को तह0-इटारसी से 01 ट्रेक्टर ट्राली स्वराज




बिना नंबर को रेत खनिज का अवैध परिवहन करते हुए जप्त कर पुलिस थाना इटारसी की अभिरक्षा में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया है। साथ ही रेत के वाहनों की जाँचकर रेत का परिवहन ढककर किए जाने एवं नियंत्रित गति से वाहन चलाए जाने के निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जा रहा है। उक्त जप्त वाहनों के विरूद्ध मध्यप्रदेश खनिज नियम 2022 के तहत कार्यवाही की जा रही है।

## खबर संक्षेप



### बानीबीड़ा में आयोजित हो रही श्रीमद भागवत कथा

**शाहपुर।** ग्राम बानबीड़ा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस पर भक्ति और आनंद का अनूठा संगम देखने को मिला। गेंदालाल यादव के सेवानिवृत्ति के पावन उपलक्ष्य में आयोजित इस ज्ञान यज्ञ ने संपूर्ण क्षेत्र को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया है। कथा व्यास सुश्री अर्चना दीदी ने बताया कि रुक्मणी साक्षात भक्ति का प्रतीक हैं, जो संसार के तमाम विरोधों के उपरांत भी केवल भगवान श्री कृष्ण को ही अपना सर्वस्व मानती हैं। दीदी ने रेखांकित किया कि जिस प्रकार रुक्मणी जी ने पत्र के माध्यम से अपना प्रेम संदेश प्रभु को भेजा, उसी प्रकार एक भक्त का मौन समर्पण भी ईश्वर तक पहुँच जाता है। उनके द्वारा गाए गए कर्णप्रिय भजनों ने पाण्डाल में उपस्थित श्रद्धालुओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया। भक्ति के रस में डूबी दीदी ने यह संदेश दिया कि जब जीव पूर्णतः शरणागत होता है, तब स्वयं परमात्मा आकर उसका हाथ थाम लेते हैं। इस पावन अवसर पर उपस्थित समाजसेवी सुरेश राठौर ने अर्चना दीदी की प्रस्तुति की प्रशंसा की। राठौर ने कहा, देवी जी की ओजस्वी वाणी और ज्ञान के प्रवाह ने श्रोताओं को भाव-विभोर कर साक्षात द्वारकापुरी का अनुभव करा दिया है। उनके भजनों की मिठास और प्रसंगों की तार्किक व्याख्या जनमानस के हृदय को स्पर्श करने वाली है।

## 49.75 लाख यूनिट पहुंची जिले में बिजली की रोजाना खपत

# गर्मी बढने से बिजली की खपत बढ़ी पंखे और कूलर की बिक्री में भी वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

तपता मौसम सिर्फ पारे के उछाल का रिकॉर्ड नहीं बना रहा, बल्कि बिजली की खपत और मांग का भी नया रिकॉर्ड बन रहा है। इस वर्ष अप्रैल में ही बिजली की मांग 50 लाख यूनिट से ऊपर पहुंच गई है, जबकि बीते वर्ष तक इतनी खपत मई माह में दर्ज होती थी। विद्युत वितरण कंपनी के ताजा आंकड़ों के अनुसार जिले में इन दिनों बिजली की खपत लगातार बढ़ते जा रही है।

जिलेभर में बिजली कंपनी प्रतिदिन 40 लाख यूनिट से अधिक बिजली आपूर्ति कर रही है। बीते एक सप्ताह में कुल 332 लाख यूनिट की खपत हो चुकी है। बिजली कंपनी के अधिकारियों की माने तो तेजी से शहरीकरण बढ़ रहा है। नए घरेलू और व्यावसायिक कनेक्शन में बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। गर्मियों के दौरान शीतलता के लिए घरों में कूलर, एसी जैसे उपकरणों का प्रयोग हो रहा है। इन सब कारणों से बिजली की मांग बढ़ रही है। मई-जून में मांग शीर्ष पर पहुंचती है। ऐसे में आसार है कि तापमान बढने से आने वाले दिनों में शहर की कुल बिजली मांग और बढ़ेगी।

### लगातार बढ़ रही बिजली की खपत

जैसे-जैसे तापमान में उछाल आ रहा है, वैसे-वैसे बिजली की मांग और खपत में भी बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। एक सप्ताह पहले 20 अप्रैल को जहां जिले में बिजली की खपत 43.15 लाख यूनिट थी, वहीं अब



खपत बढक़र 49.75 लाख यूनिट पहुंच गई है। अधिकारियों की माने तो जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है, घरों में पंखे-कूलर और एसी का उपयोग बढ़ गया है। इसके अलावा अधिकांश लोग बिजली के उपकरणों का उपयोग कर खाना पकाते है। जिससे भी बिजली की खपत में बढ़ोत्तरी हुई है। अधिकारियों का कहना है कि जैसे-जैसे तापमान में बढ़ोत्तरी होती है, बिजली की खपत भी बढ़ती है।

### एक सप्ताह में यह रही बिजली की खपत

जिले में बिजली की खपत लगातार बढ़ रही है। बिजली विभाग से मिले आंकड़ों पर नजर डाली जाये तो 20 अप्रैल को जिले में बिजली की खपत 43.15 लाख यूनिट थी, जो 21 अप्रैल को बढक़र 45.3 लाख यूनिट हो गई। इसी तरह 22 अप्रैल को 47.69 लाख यूनिट, 23 अप्रैल को 48.02 लाख यूनिट, 24 अप्रैल को 49.24 लाख यूनिट, 25 अप्रैल को 48.85 लाख यूनिट और 26 अप्रैल को 49.75 लाख यूनिट की खपत रही।

### 42 डिग्री चल रहा जिले का अधिकतम तापमान

जिले में गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। सोमवार को अधिकतम तापमान 42.0 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि रविवार को सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। रविवार अधिकतम तापमान 43.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि मंगलवार को अधिकतम तापमान में 41 दर्ज किया गया। तापमान में इस अचानक उछाल के कारण लोगों को तेज लू और झुलसा देने वाली गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। तापमान के लगातार 40 डिग्री से ऊपर होना, यह संकेत दे रहा है कि गर्मी अब और अधिक तीव्र हो रही है। दोपहर के समय सडक़ों पर आवाजाही काफी कम देखी जा रही है। लोग केवल आवश्यक कार्यों के लिए ही घरों से बाहर निकले।

### गर्मी बढने से कम बिजली वाले पंखों की मांग बढ़ी

बढ़ती गर्मी और पारे के बीच पंखों और कूलरों की बिक्री में तेजी आई है। मार्च की तुलना में अप्रैल में इनकी बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। हालांकि, उपभोक्ता अब कम बिजली खपत वाले सीलिंग और टेबल फैन को प्राथमिकता दे रहे हैं, ताकि गर्मी से राहत के साथ-साथ बिजली का खर्च भी नियंत्रित रहे। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, गर्मी बढने के साथ ही पंखे, कूलर, एसी और फ्रिज जैसे उपकरणों की मांग बढ़ी है। लेकिन सबसे ज्यादा मांग उन उत्पादों की है जो कम बिजली का उपयोग करते हैं। यह प्रवृत्ति बढ़ती बिजली दरों के बीच उपभोक्ताओं की बचत की इच्छा को दर्शाती है।

#### इनका कहना है

गर्मी बढने के कारण बिजली की खपत में दिनोंदिना बढ़ोत्तरी हो रही है। इसका कारण यह है कि गर्मी की वजह से लोग पंखे-कूलर और एसी फुल स्पीड में चलते है। जिससे खपत अधिक होती है। इसके अलावा फ्रीज और कुछ लोग खाना पकाने के लिए बिजली के उपकरणों का उपयोग करते है। जिससे भी खपत बढ़ती है।

- बीएस बघेल, महाप्रबंधक, बैतूल वृत, विद्युत वितरण कंपनी

## बुखाखेड़ी पुलिया के पास हादसा

# मुलताई-छिंदवाड़ा हाईवे पर मुर्गियों से भरा ट्रक पलटा, 50 की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई



छिंदवाड़ा हाईवे पर मंगलवार दोपहर एक बड़ा सडक़ हादसा सामने आया, जब बुखा खेड़ी पुलिया के पास मुर्गियों से भरा एक आयशर ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में करीब 50 मुर्गियों की मौत हो गई, जबकि चालक को हल्की चोटें आई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्रक छिंदवाड़ा से मुर्गियां लेकर बैतूल की ओर जा रहा था। जैसे ही वाहन बुखा खेड़ी पुलिया के पास पहुंचा, तेज रफ्तार के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा। परिणामस्वरूप ट्रक सडक़ किनारे पलट गया। हादसे के बाद ट्रक में भरी मुर्गियां सडक़ पर बिखर गईं, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई और यातायात कुछ समय के लिए प्रभावित रहा।

### क्रेन की मदद से हटाया गया ट्रक, यातायात बहाल

घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची। बाद में क्रेन की सहायता से पलटे हुए ट्रक को सीधा किया गया और सडक़ को साफ कर यातायात को सुचारू रूप से बहाल किया गया। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बुखा खेड़ी पुलिया के पास सडक़ संकरी होने के कारण यहां अक्सर इस तरह के हादसे होते रहते हैं।

## विद्यार्थियों को दी सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी



**शाहपुर।** सडक़ सुरक्षा अभियान के अंतर्गत थाना शाहपुर में पदस्थ उप निरीक्षक सोनम साहू ने सांदीपनी विद्यालय शाहपुर में पहुंचकर विद्यार्थियों को सडक़ सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हेलमेट पहनकर गाड़ी चलाना, गाड़ी चलाते समय मोबाइल पर बात नहीं करना एवं शराब पीकर गाड़ी ना चलाना, जैसे अन्य कई नियमों का पालन करके हम सडक़ पर होने वाली दुर्घटनाओं से बच सकते हैं। खुद की सुरक्षा कर सकते हैं। इसके साथ-साथ रोड संकेतक एवं सडक़ सुरक्षा के नियमों का पालन करके बड़ी दुर्घटना से बच सकते हैं। आए दिन शाहपुर में दुर्घटना के प्रकरण होते रहते हैं। इसलिए शिक्षक एवं छात्रों से यह संदेश घर-घर तक पहुंचा जा रहा है, कि सभी नागरिक सडक़ सुरक्षा के नियमों का पालन करें। खुद भी सुरक्षित रहें एवं अपने परिवार, नगर को भी सुरक्षित रखें।

## प्रमुख चौकों के चौड़ीकरण के प्रस्ताव तैयार करने के दिए निर्देश

# शहर का कलेक्टर ने किया सघन भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कलेक्टर डॉ सौरभ संजय सोनवणे ने आज सुबह बैतूल नगर का सघन भ्रमण कर विभिन्न चौक-चौराहों एवं प्रगतिरत कार्यों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ सोनवणे ने कॉलेज चौक, शिवाजी चौक, लल्ली चौक और न्यू बैतूल स्कूल चौक का जायजा लिया। उन्होंने कॉलेज चौक के चौड़ीकरण कार्य करने तथा यह सुनिश्चित करने को कहा कि स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य के दौरान यातायात नियमों का कड़ाई से पालन हो, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे। कलेक्टर डॉ सोनवणे ने शिवाजी चौक एवं लल्ली चौक के सौंदर्यीकरण के लिए बड़े शहरों की तर्ज पर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश नगरपालिका को दिए। साथ ही लल्ली चौक स्थित रोटरी को व्यवस्थित करने के निर्देश भी दिए। इसके बाद उन्होंने न्यू बैतूल स्कूल के पास प्रस्तावित गीता भवन के लिए चिन्हित स्थल का भी अवलोकन किया और वहां पार्किंग की व्यवस्थित प्लानिंग के निर्देश दिए। स्वच्छता सर्वेक्षण की



तैयारियों के अंतर्गत उन्होंने ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण कर इसकी शीघ्र शिफ्टिंग एवं एक्शन प्लान तैयार करने के निर्देश मुख्य नगरपालिका अधिकारी को दिए।

### कलेक्टर ने किया स्थल निरीक्षण

कलेक्टर डॉ सोनवणे ने ग्राम जामठी में प्रस्तावित फायर स्टेशन एवं आईएसबीटी स्थल का भी निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही एचएमटी फैक्ट्री पहुंचकर आगामी कार्ययोजना के संबंध में उद्योग विभाग से विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान एसडीएम डॉ अभिजीत सिंह, मुख्य नगरपालिका अधिकारी नवनीत पांडे एवं उद्योग विभाग के धीरज मंडलेकर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## पैसों के विवाद पर मारी थी गोली

# 1 साल से फरार हत्या के प्रयास का आरोपी अरेस्ट बैतूल-भोपाल से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर

पुलिस ने हत्या के प्रयास में करीब एक साल से फरार चल रहे मुख्य आरोपी केदार सिंह कुशवाह को भोपाल से गिरफ्तार किया है। मामला दो रेत कारोबारियों के बीच पैसों के लेन-देन के विवाद का है, जिसमें 18 जनवरी 2025 को फरियादी पर फायरिंग की गई थी।

पुलिस ने आरोपी के पास से वारदात में इस्तेमाल लाइसेंसी पिस्टल जब्त कर ली है। कोर्ट में पेश करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले में एक अन्य आरोपी अभी भी फरार है। पुलिस के अनुसार, भोपाल के कोटरा सुल्तानाबाद निवासी फरियादी राजेश विश्वकर्मा ने शाहपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया था कि 18 जनवरी 2025 को पैसों के विवाद को लेकर आरोपी केदार कुशवाह और आशीष कुशवाह ने उसके साथ मारपीट की। इसी दौरान आशीष उर्फ गिरिराज ने जान से मारने की नीयत से पिस्टल से फायर कर दिया। गोली फरियादी के सीने पर लगने के बजाय उसकी बाईं जांघ में लगी। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी थी। मामले में पुलिस ने अपराध प्रकरण



दर्ज किया था। वारदात के बाद से ही आरोपी पुलिस से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी केदार सिंह कुशवाह भोपाल की सागर सिल्वर स्प्रिंग कॉलोनी में छिपा हुआ है। इसके बाद 26-27 अप्रैल की दरमियानी रात पुलिस टीम ने कॉलोनी में दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। मामले में फायरिंग करने वाला दूसरा आरोपी आशीष अभी भी फरार है, जिसकी पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है। दरअसल पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन के निर्देश पर गंभीर अपराधों में फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए जिले में अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी और एसडीओपी राजेश कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई।

# ऊर्जा और कोल क्षेत्र के श्रमिक आर्थिक शोषण के शिकार, नहीं मिला तय वेतन

## मानवाधिकार संगठन ने कलेक्टर से की हस्तक्षेप की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

सारनी-पाथाखेड़ा क्षेत्र में कार्यरत मजदूरों को निर्धारित मजदूरी नहीं मिलने का मामला सामने आया है। अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के जिलाध्यक्ष सतीश कुमार बौरासी एवं महिला जिला अध्यक्ष दीपिका बौरासी ने कलेक्टर बैतूल को ज्ञापन सौंपकर श्रमिकों के साथ हो रही वेतन विसंगतियों की ओर ध्यान आकर्षित कराया है।

संगठन ने बताया कि यह क्षेत्र देशभर में ऊर्जा और कोल उत्पादन के लिए जाना जाता है, जहां विभिन्न कंपनियों और ठेकेदारों के माध्यम से बड़े स्तर पर कार्य कराए जाते हैं। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि यहां कार्यरत मजदूरों को भारत सरकार द्वारा तय न्यूनतम मजदूरी का पूरा भुगतान नहीं किया जा रहा है। मजदूरों को कम दरों पर काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है, जिससे उनके परिवार के भरण-पोषण पर भी असर पड़ रहा है। संगठन के अनुसार यह स्थिति श्रमिकों के साथ आर्थिक शोषण के समान है, जहां सरकारी मानकों को दरकिनार कर मजदूरी में कटौती की जा रही है।




संगठन ने कलेक्टर से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कराई जाए और दोषी कंपनियों व ठेकेदारों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही मजदूरों को उनका उचित हक दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। संगठन ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन इस दिशा में सकारात्मक पहल करेगा और श्रमिकों को न्याय मिलेगा। ज्ञापन देते समय उपस्थित पदाधिकारी जिला अध्यक्ष सतीश बौरासी महिला जिला अध्यक्ष दीपिका बौरासी, महिला जिला उपाध्यक्ष सारिका वरदाहे, जिला संरक्षक रामेश्वर सूर्यवंशी, मनोज तिवारी, जिला उपमंत्री अनिल पाटेकर, तहसील अध्यक्ष आदि रहे मौजूद।

### स्वास्थ्य शिविर आज

**बैतूल।** जिले में 20 स्वास्थ्य शिविर लगाने की प्राप्त स्वीकृति के परिपालन में 16 अप्रैल से स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार हुरमाड़े ने बताया कि 29 अप्रैल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घोड़ाडोंगरी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, मनोरोग चिकित्सक, एमडी मेडिसिन, दंत रोग चिकित्सक चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य जांच की जाएगी।

# प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना में पंजीयन कराएं और प्रतिमाह 3000 रुपए की पेंशन का लाभ पाएं



**बैतूल।** भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजनांतर्गत 18 वर्ष से 40 वर्ष की आयु वर्ग के असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय रू. 15000 से कम है, वे इस योजना में पंजीयन करा सकते है। पंजीकृत व्यक्ति के खाते से आयु के अनुसार प्रतिमाह रू. 55 से 200 का अंशदान स्वतः जमा होगा, उतनी ही राशि शासन द्वारा भी जमा कराई जाएगी। 60 वर्ष की उम्र के पश्चात पंजीकृत लाभार्थी को रू. 3000 प्रतिमाह की ग्यारंटीशुदा पेंशन प्राप्त होगी। लाभार्थी की मृत्यु उपरांत जीवनसाथी को रू. 1500 प्रतिमाह की पेंशन प्राप्त होगी। इस संबंध में जिला श्रम पदाधिकारी द्वारा कर्बला ब्रिज पर कार्यरत श्रमिकों के समक्ष जाकर उक्त योजना के संबंध में जानकारी सभी श्रमिकों को प्रदाय की गई एवं उन्हें ये बताया गया कि योजना के अंतर्गत पंजीयन करने हेतु अपना आधार कार्ड, बैंक पासबुक/चेकबुक एवं मोबाईल नम्बर लेकर नजदीकी कॉमन सर्विस सेन्टर (सी.एस.सी.), एमपी ऑनलाइन पर जाकर करने हेतु प्रेरित किया गया ।

# जल संकट में फंसा शहर कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द

## वेतन के लिए कर्मचारियों ने अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन



**आमला।** शहर में नगर पालिका की अदूरदर्शिता और पूर्व में तैयारी की कमी ने समूचे शहर को अभूतपूर्व जल संकट के हालात में फंसा दिया है। हालांकि गर्मियों में पेयजल को लेकर हालत आम दिनों की तरह तो नहीं रहते हैं, किंतु शहर में जिम्मेदारों की लापरवाही ने इस बार पूरे शहर को एक अभूतपूर्व जल संकट में फंसा कर मुश्किलें जरूर खड़ी कर दी है। हालत बिगड़ते देखकर अब नगर पालिका अधिकारी ने जल शाखा के सभी कर्मचारियों की छुट्टियां भी रद्द कर दी है। फिलहाल तो पूरे शहर में दो दिन के अंतराल से पेयजल आपूर्ति की जा रही है, किंतु जैसा कि हमारे पास जानकारी है कि आगामी भीषण गर्मी को देखते हुए और नगर पालिका में पेयजल को लेकर की गई आधी अधूरी तैयारी से शहर में पेयजल आपूर्ति को लेकर मुश्किलें खड़ी हो सकती है। दरअसल जैसा कि हमारे पास जानकारी है की शासन द्वारा कुछ वर्षों पहले करोड़ों रुपए की लागत से लालावाड़ी जलाशय बनाया गया था, जो अब पूरी तरह सूख चुका है। ऐसे में अब नगर पालिका केवल अपने चंद जल स्त्रोतों के भरोसे रह गई है, इलाके में गिरते लगातार भूजल स्तर और नपा की तैयारी में कमी के चलते शहर में जल संकट के हालात और ज्यादा बिगड़ सकते हैं।

इधर नपा में सफाई शाखा के दर्जनों कर्मचारियों ने मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन देकर वेतन देने की मांग की है। बताया गया है कि बीते तीन महीनो से नपा कर्मियों को वेतन नहीं दिया गया है।

## पेयजल और स्वच्छता व्यवस्था सुधारने सुबह 6 बजे किया निरीक्षण

# एक्शन मोड में नजर आई नगरपालिका अध्यक्ष नीतू परमार

### ताप्ती परिक्रमा मार्ग से हरदौली फिल्टर प्लांट तक लिया जायजा अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

नगरपालिका अध्यक्ष का पद संभालते ही नीतू परमार पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रही हैं। शहर में बेहतर पेयजल व्यवस्था और साफ-सफाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उन्होंने जमीनी स्तर पर तेजी से काम शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में मंगलवार सुबह करीब 6 बजे नपाध्यक्ष ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों-कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। नपाध्यक्ष नीतू परमार ने उपाध्यक्ष शिवकुमार माहोरे, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमित शिवहरे और कांग्रेस नेता प्रहलाद सिंह परमार के साथ ताप्ती परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई व्यवस्था का बारीकी से जायजा लेते हुए सफाई कर्मियों को निर्देश दिए कि मार्ग को नियमित रूप से स्वच्छ रखा जाए, ताकि आम नागरिकों और श्रद्धालुओं को स्वच्छ वातावरण मिल सके। निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष ने ताप्ती सरोवर के जलमार्गों में जमा गंदगी और खरपतवार पर चिंता जताई। उन्होंने संबंधित विभाग को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द सफाई अभियान चलाकर जलमार्गों को साफ किया जाए, जिससे बरसात के दौरान स्वच्छ पानी सरोवर में पहुंचे और जल की गुणवत्ता बेहतर बनी रहे।

### हरदौली फिल्टर प्लांट पहुंचकर परखी जल आपूर्ति व्यवस्था

परिक्रमा मार्ग के निरीक्षण के बाद नपाध्यक्ष हरदौली स्थित फिल्टर प्लांट पहुंचीं, जहां उन्होंने अधिकारियों के साथ चर्चा कर पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस दौरान उपयंत्री योगेश अनेराव ने बताया कि 2 लाख लीटर क्षमता का नया सम्पवेल तैयार हो चुका है, जिससे जल संग्रहण क्षमता में वृद्धि होगी और जल्द ही इसका उपयोग आपूर्ति सुधारने में किया जाएगा। नपाध्यक्ष ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी



(सीएमओ) को निर्देश दिए कि फिल्टर प्लांट पर पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच सुनिश्चित करने के लिए शीघ्र लैब टेक्नीशियन की नियुक्ति की जाए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को शुद्ध और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए।

### शहरी फीडर से जुड़ेगा फिल्टर प्लांट दूर होगी बिजली समस्या

हरदौली फिल्टर प्लांट वर्तमान में ग्रामीण फीडर से जुड़ा होने के कारण लो वोल्टेज और बार-बार बिजली बाधित होने की समस्या से जूझ रहा है, जिससे जल आपूर्ति प्रभावित होती है। उपयंत्री योगेश अनेराव ने जानकारी दी कि इस समस्या के समाधान के लिए फिल्टर प्लांट को शहरी फीडर से जोडऩे की योजना बनाई गई है और इसका टेंडर भी जारी किया जा चुका है। नपाध्यक्ष ने इस कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। नपाध्यक्ष नीतू परमार की सक्रियता से स्पष्ट है कि नगर में पेयजल आपूर्ति और स्वच्छता व्यवस्था को लेकर ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। आने वाले समय में इन प्रयासों का सीधा लाभ नागरिकों को बेहतर सुविधाओं और स्वच्छ वातावरण के रूप में मिलेगा।

#### होगी सख्त कार्रवाई

कुंड, मठ और मंदिरों की सफाई को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगर पालिका लगातार मॉनिटरिंग करेगी और गंदगी पाए जाने पर दोषी कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

वीरेंद्र तिवारी, सीएमओ, नगरपालिका मुलताई

## खबर संक्षेप

### स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए अस्पताल आमंत्रित

नर्मदापुरम। स्वच्छ सर्वेक्षण में नगर को नंबर 01 बनाने के लिए नगरपालिका द्वारा अनेक प्रकार की गतिविधियां संचालित की जा रही है। जिसके अंतर्गत समस्त सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाना है। स्वच्छता शाखा प्रभारी उपयंत्री दीक्षा तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्री पटले के निर्देशन में लगातार स्वच्छ सर्वेक्षण की गतिविधियां जारी हैं। जिसके तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाना है। उन्होंने जिले की शासकीय एवं निजी अस्पतालों के संचालकों से आग्रह किया है नगरपालिका में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों के स्वास्थ्य संबंधी शिविर लगाया जाना है।

### अभिज्ञान पुरोहित बनेंगे इसरो में वैज्ञानिक

सोहागपुर। ब्लॉक के लिये गौरव का क्षण आया है। ब्लॉक के ग्राम शोभापुर शासकीय शिक्षक राजेश पुरोहित माध्यमिक शाला कोहानी के पुत्र अभिज्ञान पुरोहित को इसरो में इंजीनियर इलेक्ट्रिक पोस्ट के लिये हुई परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त हुई है। जानकारी अनुसार उक्त परीक्षा में अभिज्ञान पुरोहित ने देश में द्वितीय रैंक प्राप्त कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। इस सफलता पर चयनित युवा के माता-पिता और पूरे परिवार को बधाई दी है।

## गौ संरक्षण एवं सम्मान अभियान को सोहागपुर का समर्थन

# नागरिकों और गौ सेवकों ने निकाली गौ सम्मान यात्रा, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

गौ संरक्षण तथा संवर्धन के समर्थन में एवं गौ माता को राष्ट्रभाषा माता घोषित करने की मांग को लेकर गत दिवस राष्ट्र व्यापी आयोजन किया गया। इस दौरान नागरिकों ने विभिन्न मार्गों से जागरूकता रैली निकाली एवं एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।



नागरिकों ने निकाली गौ संरक्षण जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

गौ भक्ति संत समाज व भारतीय नागरिकों द्वारा गौ संरक्षण तथा संवर्धन के समर्थन में एवं गौ माता को राष्ट्रभाषा माता घोषित करने की मांग को लेकर गत दिवस राष्ट्र व्यापी आयोजन किया गया है। आयोजन अंतर्गत गौ सम्मान अभियान को सोहागपुर क्षेत्र में भी समर्थन दिया गया व जागरूकता रैली निकाली गई।

जानकारी अनुसार सर्वप्रथम गौ भक्त सोहागपुर में नए बस स्टैंड परिसर में एकत्रित हुए एवं गौ सम्मान की मांग व आवाज को सभा के माध्यम से सरकार तक पहुंचाने का प्रयास किया। सभा को प्रमुख रूप से पवनसुत दास महाराज ने संबोधित किया। शिवकुमार पटेल, आशीष पुरोहित, रूपेश रघुवंशी आदि कार्यकर्ताओं ने बताया कि इस दौरान सैंकड़ों गौ भक्त तपती दोपहरी में रैली के रूप में नए बस स्टैंड से रवाना हुए। रैली नया थाना, पुराना थाना चौराहा, रंगीराम चौराहा, शासकीय कन्या शाला, बिहारी चौक, कमानिया गेट, श्री राम चौराहे से होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंची। जहां पर राष्ट्रपति तथा प्रधानमंत्री सहित मप्र के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार झरबड़े को सौंपे गए। इस दौरान सोहागपुर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों गौ सेवक उपस्थित थे। सभी ने गौ माता के सम्मान में नारे भी लगाए।

### रखी ये मांगे

ज्ञापन में प्रमुख रूप से मांग की गई है कि भारतवर्ष में गौ हत्या पूर्णत बंद हो। इसके अलावा गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिये जाने की मांग भी शामिल की गई है। गौ सेवा हेतु केंद्रीय कानून लागू करने, केंद्रीय गौ सेवा मंत्रालय गठन, गोचर बोर्ड गठन, चारा सुरक्षा नीति तय करने, गौ आधारित कृषि सुनिश्चित करने की प्रमुख मांगों को लेकर ज्ञापन भी सौंपा गया है।

इस अवसर पर संत पवन सूरदास जी महाराज, अधिवक्ता शिवकुमार पटेल, आशीष पुरोहित, रूपेश रघुवंशी, संजू सिलावट, इंद्रकुमार पटेल, विशाल गोलानी, दयाराम पटेल, अरुण ठाकुर, अखिलेश पुर्विया, जितेंद्र ठाकुर, अनुज ठाकुर, मंजेश ठाकुर, सचिन पुर्विया, नितेश मिश्रा, नितेश ठाकुर, नागराज ठाकुर उपस्थित रहे।

# पंचायतों में लगा ताला, समस्या लेकर भटकते रहे नागरिक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत बीजनवाडा में में रोजगार सहायक कभि भी दोपहर 12बजे के पहले पंचायत नहीं जाते । पंचायत का ताला ही 12बजे के पहले नहीं खुलता है। विगत मंगलवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान ने कहा था कि अब प्रत्येक मंगलवार को ग्राम पंचायत बीजनवाडा सहित अन्य सभी में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। लेकिन अनुविभागीय अधिकारी के आदेश की अवहेलना करते हुए।

पंचायत का ताला ही 11बजे तक नहीं खोला गया। जबकि जनसुनवाई का समय दोपहर 11बजे से 1बजे तक निर्धारित किया गया है।याने कार्यालय दोपहर 10बजे खुलना चाहिए लेकिन यहां तो अस्थाई कर्मचारी भी 11बजे के पहले नहीं आते हैं। सिर्फ नल जल योजना की सप्लाई सुबह समय पर होती है। कचरा गाड़ी वाले भी सुबह समय पर निकलते हैं। लेकिन पंचायत भवन है। जो समय-समय पर नहीं खुलता है। रोजगार सहायक अपने आप को सचिव से कम नहीं समझते हैं। शायद इसलिए, सचिव के आने के बाद ही आते हैं। जबकि सचिव पर एक और पंचायत का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

# 76 किमी सड़क से जुड़ेंगी 72 बसाहटें, क्षेत्र का होगा विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

जिले के 'दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में अब विकास की रफ्तार तेज़ होने वाली है। मुख्यमंत्री मजरा टोला योजना के तहत 72 बसाहटों को मुख्य सड़कों से जोड़ने की योजना पर काम तेज किया गया है। इसके अंतर्गत 76.336 किलोमीटर लंबाई की सड़कों का निर्माण प्रस्तावित है, जिससे हजारों ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा। म.प्र. सडक विकास प्राधिकरण इकाई नर्मदापुरम द्वारा उक्त कार्य किया जाएगा।

इन सड़कों के बनने से अब तक कच्चे रास्तों और कठिन पहुंच वाले इलाकों में एंबुलेंस की पहुंच सुनिश्चित हो सकेगी, जिससे आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं समय पर मिल पाएंगी। साथ ही स्कूल बसों का संचालन आसान होगा, जिससे बच्चों की नियमित उपस्थिति और शिक्षा स्तर में सुधार की उम्मीद है। ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रैक्टर और अन्य कृषि यंत्रों की आवाजाही सुगम होने से खेती-किसानी को भी बड़ा लाभ मिलेगा। किसान आसानी से अपने उत्पाद बाजार तक पहुंचा सकेंगे, जिससे उनकी आय में वृद्धि की संभावनाएं बढ़ेंगी। योजना का क्रियान्वयन मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण (एमपीआरआरडीए) द्वारा किया जाएगा। इसमें विकासंखण्ड केसला के 13 बसाहट, विकासखण्ड बनखेड़ी के 05 बसाहट, विकासखण्ड पिपरिया में 11 बसाहट, विकासखण्ड नर्मदापुरम के 03 बसाहट, विकासखण्ड सोहागपुर के 08 बसाहट, विकासखण्ड सिवनीमालवा 27 बसाहट एवं विकासखण्ड माखननगर के 05 बसाहटें शामिल हैं। वर्तमान में परियोजना की डीपीआर तैयार की जा रही है। स्वीकृति के बाद निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। योजना के पूर्ण होने पर न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि के क्षेत्र में भी व्यापक सुधार देखने को मिलेगा, जिससे ग्रामीण जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आएगा।

# आदिवासी निःशुल्क विवाह सम्मेलन का आयोजन आज

### योग्य युवक युवती कर सकते हैं संपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

सोहागपुर में आज सोमनाथ किसान मजदूर आदिवासी संगठन द्वारा आदिवासी समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिये निशुल्क विवाह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। संगठन संयोजक राजकुमार रघुवंशी ने बताया कि भगवान भोलेनाथ की कृपा से निशुल्क आदिवासी विवाह सम्मेलन का आयोजन 29 अप्रैल 2026 बुधवार को चारगांव तहसील सोहागपुर जिला नर्मदापुरम में रखा गया है। जिसमें जो भी शादी योग्य जोड़ा विवाह करना चाहता है वो सादर आमंत्रित है। उन्होंने बताया कि यह विवाह सम्मेलन निशुल्क है और इसमें किसी भी तरह की कोई शुल्क नहीं ली जाएगी। लड़के की उम्र 21 वर्ष एवं लड़की की उम्र 18 वर्ष होना अनिवार्य है। आयु की जांच के लिये युवकों तथा युवतियों के आधार कार्ड तथा मार्कशीट की फोटोकापी भी जमा कराई गई है। रघुवंशी के अनुसार प्रत्येक जोड़े का चांदी की पांच रकम एवं 11 बर्तन समिति की ओर से दिए जाऐंगें। दुल्हन के कपड़े एवं साड़ी समिति की ओर से दी जाएगी। घराती एवं बाराती की भोजन व्यवस्था समिति की ओर से रहेगी एवं दोनों पक्ष के पांच-पांच व्यक्ति भोजन व्यवस्था में सहयोग करेंगें। प्रत्येक जोड़े को आज सुबह 10 बजे कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होना पड़ेगा।

# जन सुनवाई में नागरिकों ने दिए 11 शिकायती आवेदन, हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर




जपं सोहागपुर के सभागार में मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिसमें नागरिकों की ओर से 11 आवेदन सौंपे गए हैं। निराकरणार्थ सभी आवेदन संबंधित विभागों को पहुंचाऐ गऐ हैं।

जानकारी अनुसार प्रार्थी अनिल नायक पुत्र केसर सिंह नायक ग्राम सिंगवाड़ा के आवेदन में उल्लेख है कि शासन की जल गंगा संवर्धन योजनांतर्गत खेत में तालाब निर्माण प्रार्थी ने कराया है। लेकिन मात्र मजदूरों के खाते में राशि प्राप्त हुई है। आवेदक माधोसिंह रघुवंशी पुत्र उमेदसिंह रघुवंशी सुभाष वार्ड के आवेदन अनुसार बार-बार आवेदन के बाद भी भूमि का सीमांकन नहीं हो रहा है। फरीद खान एवं अन्य आवेदकों ने मुस्लिम समाज के कब्रिस्तान की भूमि से कब्जा हटाने की मांग की है। धर्मेन्द्र पुत्र भगवत सिंह निवासी गूजरखेड़ी ने आवेदन में उल्लेख किया है कि उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना की ट्रेनिंग लेकर प्रमाण पत्र पाया। लेकिन उन्हें बैंक लोन नहीं मिला है। अमोल निवासी कलमेसरा के अनुसार घर के समीप पानी निकासी की व्यवस्था नहीं है, अतः नाली बनाई जाऐ। भगवानदास डोंगरे ने शिकायत की है कि उनके घर के सामने सरकारी रास्ते पर बब्लू कदारी एवं मुन्ना कदारी बेल्डिंग वर्क्स का काम करते हैं। बेल्डिंग मशीन की आवाज एवं शोर गुल के कारण आवेदक के स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। अतः अतिक्रमण हटा कर रास्ता खुलवाया जाऐ। कृष्णकांत तिवारी ने शिकायत की है कि ग्राम बोदी में माणक के खेत के पास के ट्रांसफार्मर का अर्थिंग तार खराब होने से फाल्ट होता है। गणेश महिला स्व सहायता समूह बमारी अध्यक्ष भागवती बाई एवं सचिव कुसमा बाई ने शिकायत की है कि गांव की आंगनवाड़ी का खाद्यान्न करनपुर सोसायटी से जनवरी 2026 से नहीं मिला है। राधा सराठे पत्नी राकेश सराठे गौतम वार्ड के आवेदन अनुसार उन्होंने पथ विक्रेता योजना से नप में क्रमशः 10 हजार रुपये एवं 20 हजार रुपये का लाभ लिया था। जिसकी समस्त किश्तें समय पर अदा की थी। तीसरी बार भी आवेदन किया जिसको लगभग एक महीना हो चुका है। बैंक द्वारा सुनवाई नहीं हो रही है। दादूराम कुशवाहा के अनुसार खसरा नंबर 64 शासकीय रास्ते का सीमांकन नहीं किया जा रहा है। विनीता वाई रामभरोस ग्राम छेड़का के अनुसार गैस कनेक्शन लेने के बाद गैस पासबुक नहीं दी जा रही है।

# पचमढ़ी के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के 39 खिलाड़ी क्षेत्रीय खेल स्पर्धा के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी




महादेव की नगरी पचमढ़ी स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने खेल के मैदान में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने के लिए कदम बढ़ा दिए हैं। विद्यालय के कुल 39 प्रतिभावान खिलाड़ी आज दिनांक 27 अप्रैल 2026 को संकुल स्तरीय क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता 2026 में भाग लेने के लिए जोश और उत्साह के साथ रवाना हुए।

### विभिन्न स्पर्धाओं में दिखाएंगे दम

विद्यालय के खेल शिक्षक श्री सचिन सिलोटिया ने जानकारी देते हुए बताया कि छात्र-छात्राओं का यह दल विभिन्न खेल श्रेणियों में पचमढ़ी का प्रतिनिधित्व करेगा। फुटबॉल अंडर-17 बालक वर्ग यह टीम केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-3, ग्वालियर में अपनी चुनौती पेश करेगी। एथलेटिक्स बालक एवं बालिका वर्ग में एथलीट्स का दल आईआईटी इंदौर और केंद्रीय विद्यालय महू के लिए रवाना हुआ है। खो-खो अंडर-14 बालिका वर्ग बालिकाओं की यह टीम केंद्रीय विद्यालय बैरागढ़ में आयोजित प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन 28, 29 और 30 अप्रैल को विभिन्न केंद्रों पर किया जा रहा है।

विद्यालय के प्राचार्य श्री आनंद सर एवं समस्त स्टाफ ने बच्चों को जीत का आशीर्वाद देते हुए शुभकामनाएं दीं। खेल शिक्षक सचिन सिलोटिया के कुशल मार्गदर्शन में बच्चों ने कड़ा अभ्यास किया है, जिससे इस बार विद्यालय को पदक तालिका में बेहतर स्थान मिलने की पूरी उम्मीद है।

# विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन, दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर




मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नर्मदापुरम् के निर्देशानुसार अतुल सक्सेना जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति के मार्गदर्शन में गत दिवस विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सोहागपुर अधिवक्ता संघ के सभा कक्ष में सोमवार को आयोजित किया गया है। उक्त विधिक साक्षरता शिविर में अध्यक्ष जिला न्यायाधीश, न्यायिक अधिकारी गण, अधिवक्ता संघ सोहागपुर के पदाधिकारी एवं अधिवक्तागण उपस्थित रहे। साथ ही न्यायालय के समस्त कर्मचारी भी उपस्थित रहे। शिविर में विधिक संबंधी जानकारियां दी गईं। साथ ही आगामी समय में होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में भी चर्चा की गई।

# परेशानी: प्रशासन की लाख कोशिशों के बाद भी नहरों से नहीं हट रहा अवैध अतिक्रमण

### ग्रामीणों का कहना, तैनात कर्मचारी करवा रहे हैं अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र में बड़ी संख्या में नहरों से सिंचाई हो रही है।माछावितरण नहर पिपरिया नहर उपसंभाग के अंतर्गत डोकरी खेड़ा डेम से अनेकानेक नहरों का संचालन किया जा रहा है। माइनर नहरों से भी भी सिंचाई परियोजना के अंतर्गत सिंचाई हो रही है। शासन द्वारा जारी सूची के अनुसार नहर के दोनों तरफ आवागमन के लिए लगभग 70फिट जगह छोड़ी जाती है।जिस पर से किसानों के टेककर ट्राली निकल सकें। लेकिन अभी तक कोई ऐसा अधिकारी नहर पर नहीं पहुंचे जो शासन हित में काम कर सकें। लेकिन सरकार अनुविभागीय अधिकारी ने जिन लोगो को तैनात किया गया है। वहीं लोग नहरों पर अतिक्रमण करवा रहे हैं। गाड़ाघाट खापरखेड़ा के खेतसिंह पटेल ने बताया कि यहां पर कोई आफिस नहीं है।नहर को बन्द चालू करने के लिए तैनात कर्मचारी को बैठने को जगह नहीं है। इसलिए यह लोग हमारे ही आश्रित है। अनेकानेक जगहों पर लगातार नहर से सटा कर खेती कर रहे हैं। नहरों पर मकान है। सड़क मार्ग है। कर्मचारी तैनात ही सहयोग करते हैं। तभी तो हमें जानकारी मिलती है। सरकारी जमीन कहा है। गाड़ाघाट में तो प्रेमनारायण राय है ।वह कभी आते हैं। सभी हम लोगों को ही देखना है।वनवारीमे नहर की जमीन पर सड़क मार्ग का निर्माण कार्य कर कालोनी काटी जा रही है। प्रेमनारायण राय को वर्ष 2014मे स्थाई कर्मी किया गया था। लेकिन कार्यपालन यंत्री लेखापाल अनुविभागीय अधिकारी के द्वारा वेतनमान के अंतर की राशि का भुगतान एरियर्स के रुप में सन् 2008से कर दिया है।जो लगभग 2लाख 50हजार के आसपास है। जिसकी राशि की वसूली करने हेतु कार्यपालन यंत्री प्रतिभा सिंह ने कोई कार्रवाई नहीं की है। अधीक्षण यंत्री को शिकायत दर्ज कराई गई है। फिर भी कोई ध्यान नही दिया गया है।इस बारे में अधीक्षण यंत्री मुख्य अभियंता आर आर मीणा ने बताया कि कार्यपालन यंत्री प्रतिभा सिंह को जांच सौंपी गई है। जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने पर ही कुछ कार्यवाही हो सकेगी।

## वार्ड 12 में पेयजल, स्वच्छता और निकासी समस्याओं का समाधान

# नपाध्यक्ष का वार्डों में सतत निरीक्षण जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी




पेयजल समस्या, स्वच्छता एवं जल निकासी व्यवस्थाओं को सुधारने के उद्देश्य से आज वार्ड क्रमांक 12 रैदास नगर का निरीक्षण नपा अध्यक्ष पंकज चोरे एवं वार्ड पार्षद मंजीत कलोसिया द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में कई प्रमुख समस्याएं सामने आईं, जिनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण में पाया गया कि पेयजल की सबसे बड़ी समस्या अंतिम घरों तक पानी नहीं पहुंच पाने की है। इसका मुख्य कारण पाइप लाइन में बड़ी संख्या में निजी मोटरों का उपयोग पाया गया, जिससे जल आपूर्ति प्रभावित हो रही थी। इस समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई।

स्वच्छता व्यवस्था को लेकर मेन रोड और प्रमुख चौराहों पर फैले कचरे को तुरंत साफ कराया गया। वहीं अंडरब्रिज की ओर जाने वाली मुख्य सड़क से धूल हटाने के निर्देश दिए गए, ताकि क्षेत्रवासियों के स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

भगवानदास पहलवान वाली गली में बारिश के पानी की निकासी की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द समाधान का आश्वासन दिया गया। न्यास कॉलोनी स्थित संपवेल का निरीक्षण कर निर्देश दिए गए कि उसकी पूरी क्षमता का उपयोग करते हुए नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा झंडा चौक स्थित पानी के कुएं की सफाई कराने एवं मंदिर परिसर में स्थित ट्यूबवेल के पास वॉल्व लगाने तथा स्टार्टर को पेटी से कवर कर सुरक्षित करने के निर्देश भी दिए गए। पेयजल और स्वच्छता व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को विशेष दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान कैलाश रैकवार, आशीष कुमार मालवीय, दिलीप रैकवार, मुकेश यादव, मयूर मालवीय, पप्पू, हरनाम सिंह, पवन यादव, बंटी यादव, सागर, शुभम सहित जल विभाग के रविंद्र जोशी, राजाराम मालवीय एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# पुनर्वास पर संसदीय समिति की बैठक में सांसद ने दी राय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

नई दिल्ली शहरी गरीबों और झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले परिवारों के जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार लाने के उद्देश्य से आज नई दिल्ली स्थित संसदीय शोध विस्तार (एनेक्सी) में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। कक्ष संख्या 515 में आयोजित 'आवासन और शहरी कार्य संबंधी स्थायी समिति' की इस उच्चस्तरीय बैठक में मध्यप्रदेश से राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने सक्रिय रूप से भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी ने की। इस दौरान 'झुग्गी-झोपड़ी पुनर्विकास और पुनर्वास पहल' की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। चर्चा का मुख्य केंद्र बिंदु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सभी के लिए आवास' के संकल्प को धरातल पर उतारना रहा। सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने बैठक में अपने विचार साझा करते हुए पीएमएवाई-यू 2.0 योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की यह योजना शहरी निर्धनों के लिए न केवल छत सुनिश्चित करेगी, बल्कि उनके जीवन में सम्मान और सुरक्षा का नया संचार भी करेगी। बैठक में अधिकारियों के साथ योजना की बारीकियों और लाभार्थियों तक त्वरित लाभ पहुँचाने की कार्ययोजना पर गंभीर मंथन हुआ। सांसद श्रीमती नारोलिया ने मध्यप्रदेश के शहरी क्षेत्रों में चल रही आवास योजनाओं और झुग्गी पुनर्विकास की स्थिति पर भी चर्चा की, ताकि राज्य के पात्र परिवारों को इस नई पहल का अधिकतम लाभ मिल सके।

## परीक्षा परिणाम जनित तनाव प्रबंधन एवं जीवन संरक्षण" विषय पर विधिक साक्षरता शिविर

इटारसी। तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में नवीन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरानी इटारसी में "परीक्षा परिणाम जनित तनाव प्रबंधन एवं जीवन संरक्षण" विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला न्यायाधीश एवं समिति के अध्यक्ष आदित्य रावत ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि केवल अंक ही आपका भविष्य तय नहीं करते, बल्कि आपके हौसले और निरंतर प्रयास आपको ऊंचाइयों तक ले जाते हैं। उन्होंने सफल महिलाओं के संघर्षों का उदाहरण देते हुए छात्राओं को मानसिक तनाव से बचने और सकारात्मक सोच अपनाने की सीख दी। इस दौरान न्यायाधीश ने अभिभावकों के नाम भी एक विशेष संदेश साझा किया, जिसमें उन्होंने अपील की कि वे बच्चों को समझाएं कि परीक्षा जीवन का मात्र एक अवसर है, अंतिम पड़ाव नहीं। उन्होंने बच्चों के आत्मविश्वास को बनाए रखने और कठिन समय में उनका संबल बनने पर जोर दिया। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्य सपना गिरधारी सहित शिक्षक, बड़ी संख्या में छात्राएं और उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगरपालिका परिषद, सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम् (म.प्र.)**
E-mail.cmoseonimalwa@mpurban.gov.in कार्यालय दूरभाष 07570-220249,220250

क्रमांक 1505/रा/न.पा./2026 **विज्ञप्ति** सिवनी मालवा दिनांक 24/04/2026

न्यायालय तहसीलदार, तहसील सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम के संदर्भित पत्र क्रमांक 376/रीडर/2026/ सिवनी मालवा दिनांक 24.04.2026 एवं पत्र क्रमांक 391/रीडर/2026/सिवनी मालवा दिनांक 24.04.2026 ग्राम बानापुरा प.ह.नं. 46 के संबंध में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक नगर पालिका परिषद् सिवनी मालवा पता मेन रोड जयस्तंभ चौक सिवनी मालवा द्वारा नगरेतर तहसील सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम के ग्राम बरहानपुरा स्थित भूमि सर्वे नंबर 32/11 रकवा 3.904 हे. में से रकवा 0.404 हे. भूमि का विषयक पार्क हेतु एवं सर्वे नंबर 29 रकवा 0.0400 हे. भूमि का विषयक ओवर हेड टेंक अमृत 2.0 अंतर्गत कार्य हेतु नगर पालिका परिषद् सिवनी मालवा को भूमि आवंटन / हस्तातरण किये जाने का ऑनलाईन आवेदन इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह प्रकरण नियत तिथि 30.04.2026 को अथवा उसके पूर्व न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा विधिक अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 24.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**सिवनी मालवा**

## खबर संक्षेप

### सामान्य सभा की बैठक का आयोजन आज

**हरदा।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 29 अप्रैल को होगी। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन ने बताया कि यह बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह की अध्यक्षता में दोपहर 3 बजे से आयोजित की गई है।

### अमृत भारत एक्सप्रेस का आज हरदा में होगा स्वागत

**हरदा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को बनारस रेलवे स्टेशन से अमृत भारत एक्सप्रेस के उद्घाटन विशेष सेवा का शुभारंभ किया। इसी के साथ गाड़ी संख्या 22589/22590 बनारस-हड़पसर-बनारस अमृत भारत एक्सप्रेस का नियमित संचालन 28 अप्रैल से प्रारंभ हुआ। प्रधानमंत्री के शुभारंभ के उपरांत गाड़ी संख्या 02531 उद्घाटन विशेष सेवा, बुधवार को प्रातः 10.20 बजे हरदा रेलवे स्टेशन पहुंचेगी, जहां इसका स्वागत किया जाएगा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, रेलवे अधिकारियों एवं नागरिकों की उपस्थिति में स्वागत समारोह आयोजित होगा। इस अवसर पर भारत सरकार के जनजातीय कार्य विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गा दास उईके शुभारंभ कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। अमृत भारत एक्सप्रेस के संचालन से क्षेत्र के यात्रियों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त तेज, सुरक्षित एवं सुगम रेल यात्रा का लाभ मिलेगा। यह सेवा क्षेत्रीय संपर्क और यात्री सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

### युवक ने फांसी लगाई पुलिस जांच में जुटी

**सीहोर।** शनिवार को बिलकिसगंज में अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने आत्महत्या कर ली। अर्जुन मालवीय फ्रीगंज बिलकिसगंज ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार करीब 4 बजे सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की गई।

### किसान आंदोलन में बड़ी संख्या में ट्रैक्टर पर सवार होकर मंडी में पहुंचे किसान

# किसानों की मांगें मांगी लेकिन लिखित देने पर फंसा पेंच

*भीषण गर्मी के बाद भी किसानों का जोश नहीं हुआ कम, जगह जगह पानी, फल, नाश्ते की हुई व्यवस्था*





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिला मुख्यालय पर भीषण गर्मी होने के बाद भी किसानों का 16 सूत्रीय मांगों का घेरा डालो-डेरा डालो किसान क्रांति आंदोलन जारी है। दोपहर में संभाग स्तरीय अधिकारी से ही बात करने के निर्णय के बाद मौके से जिले के अधिकारियों को बिना वार्ता के लौटा दिया था। किसान नेता मनोज पटेल ने कहा कि मंगलवार शाम को डिप्टी कमिश्नर दिवाकर नारायन पटेल आए थे, जो कुछ मांगों पर सहमत हुए और जो मांगे शासन स्तर की हैं उनके लिए प्रतिवेदन भेजने की बात कही।

आंदोलन का नेतृत्व कर रही किसान समिति ने निर्णय लिया कि जिन मांगों को मांग लिया है उनके बारे में लिखित में दिया जाए, इसके बाद ही आंदोलन समाप्त किया जाएगा। उधर इस बारे में डिप्टी कमिशनर पटेल ने कहा कि वार्ता सकारात्मक हुई है, लेकिन लिखित में देने पर विचार विमर्श किया जा रहा है। मंगलवार को तय समय पर किसानों ने गेहूं और मूंग की खरीदी में आ रही समस्याओं को लेकर हरदा आना शुरू हुआ। एक निश्चित समय पर बड़ी संख्या में किसान एकत्र हुए।

इस दौरान हरदा, देवास, नर्मदापुरम और खंडवा जिले के किसान बड़ी संख्या में ट्रैक्टरों के साथ कृषि मंडी पहुचें। उधर जिला प्रशासन ने कलेक्ट्रेट-मंडी क्षेत्र को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। 5 बटालियनों के 1100 जवान तैनात किए गए हैं। आंदोलन को लेकर किसान नेता मनोज पटेल ने बताया कि किसान अपनी ट्रॉलियों में घर से आटा, दाल और अन्य खाद्य सामग्री लेकर आए हैं। मंगलवार शाम को मंडी समेत अन्य स्थानों पर दाल-बाटी बनाकर खाएंगे। किसान नेता सुनील गोलया और राजेंद्र पटेल ने कहा किसानों ने अपनी ट्रॉलियों को तंबू में बदल लिया है। वे बिस्तर भी साथ लाए हैं। अगर प्रशासन हमारी मांगों के आगे नहीं झुका, तो यह आंदोलन अनिश्चित कालीन भी हो सकता है। आंदोलन में हरदा से कांग्रेस विधायक डॉ आर के दोगने ने भी अपने समर्थकों के साथ आंदोलन स्थल पर पहुंचकर समर्थन दिया।

### एसडीएम को वापस लौटाया

कृषि उपज मंडी में चल रहे किसान आंदोलन के दौरान एसडीएम अशोक डेहरिया किसानों से चर्चा के लिए पहुंचे थे। लेकिन किसानों ने कहा कि वे अपनी सभी मांगों को लेकर नर्मदापुरम संभाग के कमिश्नर को ज्ञापन सौंपेंगे। जबकि



एसडीएम ने कहा कि कलेक्टर चर्चा के लिए तैयार हैं। इसके बाद किसानों ने ज्ञापन सौंपने से मना कर दिया। ग्राम चारखेड़ा के किसान दीपक दुगाया अपने ट्रैक्टर पर जामुन के पत्तों से छपरी बनाकर लाए हैं। उनका कहना है कि धूप से बचने के लिए यह व्यवस्था की है। हमारी मांग है कि मूंग की खरीदी टरढ पर हो। जब तक मांग नहीं मानी जाती, हम आंदोलन जारी रखेंगे। यह व्यवस्था लंबी लड़ाई के लिए की गई है। इसमें राशन और अन्य सामान रखा है।



### किसानों ने बताई पीड़ा

किसान अल पटेल का कहना है कि प्रदेश सरकार से हम त्रस्त हैं। हम एक महीने के आंदोलन की व्यवस्था करके आए हैं। गैस-चूल्हे और पानी की कैन साथ लाए हैं। प्रशासन जब तक नहीं सुनेगा, यहीं डटे रहेंगे। किसान भाइयों को पानी पिलाएंगे और आंदोलन में भी बैठेंगे। आंदोलन में शामिल मनीष मुकती ने कहा कि यह शुद्ध आंदोलन है। यह किसी पार्टी या संगठन से जुड़ा नहीं है। पीड़ित और शोषित किसान सरकार के खिलाफ सड़क पर आए हैं। सरकार ने स्टॉल खोलने का मौका दिया, लेकिन स्लॉट बुक नहीं हो रहे हैं।

### निराकरण के निर्देश दिए

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं



**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ जोनाथन, अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर रजनी वर्मा, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में ग्राम कुड़ावा निवासी रघुवीर राजपूत ने कलेक्टर को आवेदन देकर खेत में जाने हेतु रास्ते की मांग की, जिस पर तहसीलदार खिरकिया को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए। खिरकिया के वार्ड क्रमांक 1 के नागरिकों ने आम रास्ते पर अतिक्रमण के संबंध में शिकायत की, जिस पर उन्होंने तहसीलदार खिरकिया को मामले की जांच कर आवेदकों की समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिये। टिमरनी निवासी अशोक कुमार बिल्लोरे ने अपनी भूमि का नक्शा दुरूस्त कराने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर एसडीएम टिमरनी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में हरदा निवासी संतोषीबाई ने विद्युत बिल अधिक आने के संबंध में शिकायत की, जिस पर महाप्रबंधक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने आवेदिका की समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।

## दिव्यांग्जनों के लिए विशेष वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन




**हरदा।** एक निजी संस्था द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक के तत्वावधान में संचालित मनी वॉइस वित्तीय साक्षरता केंद्र हरदा के माध्यम से दिव्यांग पुनर्वास केंद्र हरदा में मंगलवार को एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपसंचालक सामाजिक न्याय कमलेश सिंह ने बताया कि दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में आयोजित इस शिविर में मुख्य रूप से दिव्यांगजनों को वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर और जागरूक बनने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में जिला प्रभारी सैय्यद इमरान अली और सीएफएल इंचार्ज संजय कलोसिया ने उपस्थित दिव्यांगजनों को बैंकिंग और सरकारी योजनाओं की बारीकिया समझाई। उन्होने इस दौरान डिजिटल सुरक्षा पर ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव और उससे बचने के लिए सावधानियां, बैंकिंग व्यवहार केवाईसी, बचत खाते के लाभ और सिबिल स्कोर का महत्व, सामाजिक सुरक्षा व सरकारी योजनाएं प्रधानमंत्री जनधन खाता, जीवन ज्योति बीमा, जीवन सुरक्षा बीमा, सुकन्या समृद्धि योजना व अटल पेंशन योजना के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम में एफएलसी से मुख्य अतिथि एसके जैन व दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के कर्मचारी उपस्थित रहे।